मन में श्रद्धा और विश्वास लिए

दो नैनों की ज्योति,
मन में श्रद्धा और विश्वास लिए,
आया हूं दर पे मां तेरे,
बस इतनी सी आस लिए,
मन में श्रद्धा और विश्वास लिए....

सोने का ना महंगा छत्र है,
ना महंगी खुश्बू वाला इत्र है,
ना मेरे हाथों चंवर हिंडोला,
ना कुछ तेरा सजाने को चोला,
क्या लाता मैया क्या है मेरा,
तुमसे ही तन में प्राणों का डेरा,
नाम रचा बसा जिनमे तेरा,
आया संग में वही श्वास लिए,
मन में श्रद्धा और विश्वास लिए,
दो नैनों की ज्योति
मन में श्रद्धा और विश्वास लिए,
आया हूं दर पे मां तेरे,
बस इतनी सी आस लिए,
मन में श्रद्धा और विश्वास लिए.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27158/title/man-me-shardha-aur-vishwas-liye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |